# मासिक अपराध प्रतिवेदन फरवरी–2012

माह फरवरी 2012 में राज्य की अपराध स्थिति सामान्य एवं नियंत्रण में रही है।
राज्य में आलोच्य माह, गत माह एवं वर्ष 2011 के माह फरवरी की तुलना में भारतीय दण्ड संहिता (भा.द.सं.) के अन्तर्गत दर्ज अपराधों की तुलनात्मक स्थिति निम्न हैः–

## माहवार आपराधिक तुलनात्मक स्थिति

### (माह फरवरी 2011, जनवरी 2012 एवं फरवरी 2012)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | | | कमी / वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | फरवरी 2011 | जनवरी 2012 | फरवरी 2012 | फरवरी 2011 से फरवरी 2012 | जनवरी 2012 से फरवरी 2012 | फरवरी 2011 से फरवरी 2012 | जनवरी 2012 से फरवरी 2012 |
| 1 | हत्या | 97 | 105 | 100 | 3 | -5 | 3.09 | -4.76 |
| 2 | हत्या का प्रयास | 109 | 98 | 105 | -4 | 7 | -3.67 | 7.14 |
| 3 | डकैती | 1 | 3 | 2 | 1 | -1 | 100.00 | -33.33 |
| 4 | लूट | 46 | 40 | 56 | 10 | 16 | 21.74 | 40.00 |
| 5 | व्यपहरण / अपहरण | 241 | 269 | 244 | 3 | -25 | 1.24 | -9.29 |
| 6 | बलात्कार | 140 | 163 | 151 | 11 | -12 | 7.86 | -7.36 |
| 9 | बलवा | 66 | 45 | 41 | -25 | -4 | -37.88 | -8.89 |
| 7 | नकबजनी | 399 | 430 | 405 | 6 | -25 | 1.50 | -5.81 |
| 8 | चोरी | 1810 | 1841 | 1588 | -222 | -253 | -12.27 | -13.74 |
| 10 | अन्य भा.द.सं. | 9382 | 11646 | 9713 | 331 | -1933 | 3.53 | -16.60 |
| **11** | **योग भा.द.सं.** | **12291** | **14640** | **12405** | **114** | **-2235** | **0.93** | **-15.27** |

वर्ष 2012 में 2010 एवं 2011 की तुलना में माह फरवरी में भा.द.सं. के अन्तर्गत दर्ज अपराधों की तुलनात्मक स्थिति निम्न तालिका में वर्णित हैः–

## वर्षवार आपराधिक तुलनात्मक स्थिति

### वर्ष 2010, 2011 एवं 2012 (माह फरवरी)

| क.सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग (माह फरवरी ) | | | कमी / वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2010 | 2011 | 2012 | 2010 से 2012 | 2011 से 2012 | 2010 से 2012 | 2011 से 2012 |
| 1 | हत्या | 195 | 192 | 205 | 10 | 13 | 5.13 | 6.77 |
| 2 | हत्या का प्रयास | 210 | 226 | 203 | -7 | -23 | -3.33 | -10.18 |
| 3 | डकैती | 7 | 4 | 5 | -2 | 1 | -28.57 | 25.00 |
| 4 | लूट | 116 | 98 | 96 | -20 | -2 | -17.24 | -2.04 |
| 5 | व्यपहरण / अपहरण | 425 | 486 | 513 | 88 | 27 | 20.71 | 5.56 |
| 6 | बलात्कार | 192 | 287 | 314 | 122 | 27 | 63.54 | 9.41 |
| 7 | बलवा | 148 | 127 | 86 | -62 | -41 | -41.89 | -32.28 |
| 8 | नकबजनी | 836 | 848 | 835 | -1 | -13 | -0.12 | -1.53 |
| 9 | चोरी | 3546 | 3850 | 3429 | -117 | -421 | -3.30 | -10.94 |
| 10 | अन्य भा.दसं. | 17274 | 19669 | 21359 | 4085 | 1690 | 23.65 | 8.59 |
| **11** | **योग भा.द.सं.** | **22949** | **25787** | **27045** | **4096** | **1258** | **17.85** | **4.88** |

## निस्तारण भा.द.सं.

आलोच्य वर्ष 2012 में माह फरवरी में भारतीय दण्ड संहिता के तहत दर्ज अपराधों के निस्तारण की स्थिति निम्नानुसार हैः–

**निस्तारण भा.द.स. वर्ष 2012 (माह फरवरी )**

| क सं | शीर्षक | दर्ज अभियोग | एफ.आर. अदम वकू | अदम वकू प्रतिशत | एफ.आर. अन्य | कुल एफ.आर. (4+6) | चालान | चालानी प्रतिशत | पेन्डिंग अनुसंधान | पेन्डिंग प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हत्या | 205 | 11 | 25.00 | 0 | 11 | 33 | 100.00 | 161 | 78.54 |
| 2 | हत्या का प्रयास | 203 | 16 | 21.62 | 0 | 16 | 58 | 100.00 | 129 | 63.55 |
| 3 | डकैती | 5 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 5 | 100.00 |
| 4 | लूट | 96 | 1 | 3.03 | 7 | 8 | 25 | 78.13 | 63 | 65.63 |
| 5 | व्यपहरण / अपहरण | 513 | 161 | 77.40 | 2 | 163 | 45 | 95.74 | 305 | 59.45 |
| 6 | बलात्कार | 314 | 62 | 52.99 | 0 | 62 | 55 | 100.00 | 197 | 62.74 |
| 7 | बलवा | 86 | 9 | 16.07 | 0 | 9 | 47 | 100.00 | 30 | 34.88 |
| 8 | नकबजनी | 835 | 25 | 6.78 | 189 | 214 | 155 | 45.06 | 466 | 55.81 |
| 9 | चोरी | 3429 | 126 | 5.97 | 1614 | 1740 | 372 | 18.73 | 1317 | 38.41 |
| 10 | अन्य भा.द.सं | 21359 | 4920 | 34.90 | 496 | 5416 | 8680 | 94.59 | 7263 | 34.00 |
| **11** | **योग भा.द.सं.** | **27045** | **5331** | **31.16** | **2308** | **7639** | **9470** | **80.40** | **9936** | **36.74** |

○ एफ.आर. अन्य– अंतिम रिपोर्ट अदमपता / अदमसबूत।

वर्ष 2011 एवं 2012 में (माह फरवरी) सम्पति सम्बन्धी अपराधों के चालानी, अदम वकूआ एवं बरामदगी प्रतिशत की तुलनात्मक स्थिति निम्न है :–

| क. सं. | शीर्षक | अदम वकू प्रतिशत | | चालानी प्रतिशत | | बरामदगी प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **2011** | **2012** | **2011** | **2012** | **2011** | **2012** |
| 1 | डकैती | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 73.06 | 95.59 |
| 2 | लूट | 5.26 | 3.03 | 88.89 | 78.13 | 52.32 | 81.06 |
| 3 | नकबजनी | 5.84 | 6.78 | 39.28 | 45.06 | 34.74 | 27.58 |
| 4 | चोरी | 5.50 | 5.97 | 23.01 | 18.73 | 53.39 | 54.39 |
| **5** | **योग भादसं.** | **27.48** | **31.16** | **79.51** | **80.40** | **51.38** | **54.98** |

भा.द.सं. के तहत माह फरवरी 2012 में वर्ष 2011 के सापेक्ष जिलेवार दर्ज अपराधो की तुलनात्मक स्थिति एवं निस्तारण, प्रतिवेदन में संलग्न तालिका **'क'** पृष्ठ 8 से 11 एवं **'ख'** पृष्ठ 12 से 17 पर है।

वर्ष 2012 में माह फरवरी में नकबजनी तथा कुल सम्पति सम्बन्धी अपराधों में बरामदगी प्रतिशत की जिलेवार स्थिति तालिका **'च'** पर है।

# स्थानीय एवं विशेष अधिनियम

आलोच्य माह, जनवरी 2011 एवं फरवरी 2011 में स्थानीय एवं विशेष अधिनियमों के तहत की गई कार्यवाही की तुलनात्मक स्थिति निम्न है :–

## स्थानीय एवं विशेष अधिनियम– माहवार तुलनात्मक स्थिति
## (माह फरवरी 2011, जनवरी 2012 एवं फरवरी 2012)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | | | कमी / वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | फरवरी 2011 | जनवरी 2012 | फरवरी 2012 | फरवरी 2011 से फरवरी 2012 | जनवरी 2012 से फरवरी 2012 | फरवरी 2011 से फरवरी 2012 | जनवरी 2012 से फरवरी 2012 |
| 1 | एक्साईज एक्ट | 892 | 1191 | 1037 | 145 | -154 | 16.26 | -12.93 |
| 2 | जुआ एक्ट | 1271 | 1651 | 1570 | 299 | -81 | 23.52 | -4.91 |
| 3 | आर्म्स एक्ट | 433 | 403 | 460 | 27 | 57 | 6.24 | 14.14 |
| 4 | एन.डी.पी.एस. एक्ट | 89 | 89 | 99 | 10 | 10 | 11.24 | 11.24 |
| 5 | एक्सप्लोजिव एक्ट | 50 | 70 | 39 | -11 | -31 | -22.00 | -44.29 |
| 6 | ई.सी.एक्ट | 31 | 24 | 25 | -6 | 1 | -19.35 | 4.17 |
| 7 | अन्य एक्ट | 1803 | 2857 | 3110 | 1307 | 253 | 72.49 | 8.86 |
| **8** | **योग** | **4569** | **6285** | **6340** | **1771** | **55** | **38.76** | **0.88** |

## स्थानीय एवं विशेष अधिनियम – वर्षवार तुलनात्मक स्थिति
## वर्ष 2010, 2011 एवं 2012 (माह फरवरी)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग (माह फरवरी) | | | कमी / वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2010 | 2011 | 2012 | 2010 से 2012 | 2011 से 2012 | 2010 से 2012 | 2011 से 2012 |
| 1 | एक्साईज एक्ट | 1668 | 2995 | 2228 | 560 | -767 | 33.57 | -25.61 |
| 2 | जुआ एक्ट | 2252 | 2587 | 3221 | 969 | 634 | 43.03 | 24.51 |
| 3 | आर्म्स एक्ट | 569 | 836 | 863 | 294 | 27 | 51.67 | 3.23 |
| 4 | एन.डी.पी.एस. एक्ट | 148 | 184 | 188 | 40 | 4 | 27.03 | 2.17 |
| 5 | एक्सप्लोजिव एक्ट | 75 | 95 | 109 | 34 | 14 | 45.33 | 14.74 |
| 6 | ई.सी.एक्ट | 42 | 59 | 49 | 7 | -10 | 16.67 | -16.95 |
| 7 | अन्य एक्ट | 2011 | 3578 | 5967 | 3956 | 2389 | 196.72 | 66.77 |
| **8** | **योग** | **6765** | **10334** | **12625** | **5860** | **2291** | **86.62** | **22.17** |

स्थानीय एवं विशेष अधिनियमों के अन्तर्गत फरवरी 2012 में वर्ष 2011 के सापेक्ष जिलेवार की गई कार्यवाही की तुलनात्मक स्थिति तालिका **'घ'** पर दर्शायी गई है।

## निस्तारण स्थानीय एवं विशेष अधिनियम, वर्ष 2012 (माह फरवरी)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | एफआर अदम वकू झूंठ | अदमवकू प्रतिशत | एफ. आर अन्य | कुल एफआर | चालान | चालानी प्रतिशत | पेन्डिग अनुसंधान | पेन्डेन्सी प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एक्साईज एक्ट | 2228 | 0 | 0.00 | 2 | 2 | 1976 | 99.90 | 250 | 11.22 |
| 2 | जुआ एक्ट | 3221 | 1 | 0.03 | 0 | 1 | 3174 | 100.00 | 46 | 1.43 |
| 3 | आर्म्स एक्ट | 863 | 1 | 0.14 | 0 | 1 | 720 | 100.00 | 142 | 16.45 |
| 4 | एन.डी.पी.एस. एक्ट | 188 | 0 | 0.00 | 2 | 2 | 54 | 96.43 | 132 | 70.21 |
| 5 | एक्सप्लोजिव एक्ट | 109 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 97 | 100.00 | 12 | 11.01 |
| 6 | ई.सी.एक्ट | 49 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 10 | 100.00 | 39 | 79.59 |
| 7 | अन्य एक्ट | 5967 | 1985 | 42.84 | 377 | 2362 | 2271 | 85.76 | 1334 | 22.36 |
| **8** | **योग एक्ट** | **12625** | **1987** | **18.62** | **381** | **2368** | **8302** | **95.61** | **1955** | **15.49** |

## महिला अत्याचार

राजस्थान में महिला अत्याचार सम्बन्धी अपराधों की तुलनात्मक स्थिति निम्न है:–

### महिला अत्याचार माहवार तुलनात्मक स्थिति
### (माह फरवरी 2011, जनवरी 2012 एवं फरवरी 2012)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | | | कमी/वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | फरवरी 2011 | जनवरी 2012 | फरवरी 2012 | फरवरी 2011 से फरवरी 2012 | जनवरी 2012 से फरवरी 2012 | फरवरी 2011 से फरवरी 2012 | जनवरी 2012 से फरवरी 2012 |
| 1 | दहेज मृत्यु | 25 | 29 | 30 | 5 | 1 | 20.00 | 3.45 |
| 2 | दहेजआत्महत्याका दुष्प्रेरण | 14 | 9 | 10 | -4 | 1 | -28.57 | 11.11 |
| 3 | महिला उत्पीडन(498-A) | 793 | 1298 | 893 | 100 | -405 | 12.61 | -31.20 |
| 4 | बलात्कार | 140 | 163 | 151 | 11 | -12 | 7.86 | -7.36 |
| 5 | छेड़छाड़ | 179 | 171 | 171 | -8 | 0 | -4.47 | 0.00 |
| 6 | व्यपहरण / अपहरण | 209 | 219 | 208 | -1 | -11 | -0.48 | -5.02 |
| 7 | अन्य | 72 | 54 | 92 | 20 | 38 | 27.78 | 70.37 |
| **8** | **कुल योग** | **1432** | **1943** | **1555** | **123** | **-388** | **8.59** | **-19.97** |

### महिला अत्याचार वर्षवार तुलनात्मक स्थिति
### वर्ष 2010, 2011 एवं 2012 (माह फरवरी)

| क. स. | शीर्षक | दर्ज अभियोग(माह फरवरी) | | | कमी/वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2010 | 2011 | 2012 | 2010 से 2012 | 2011 से 2012 | 2010 से 2012 | 2011 से 2012 |
| 1 | दहेज मृत्यु | 61 | 57 | 59 | -2 | 2 | -3.28 | 3.51 |
| 2 | दहेज आत्महत्या का दुष्प्रेरण | 32 | 26 | 19 | -13 | -7 | -40.63 | -26.92 |
| 3 | महिला उत्पीडन (498-A) | 1345 | 1713 | 2191 | 846 | 478 | 62.90 | 27.90 |
| 4 | बलात्कार | 192 | 287 | 314 | 122 | 27 | 63.54 | 9.41 |
| 5 | छेड़छाड़ | 329 | 364 | 342 | 13 | -22 | 3.95 | -6.04 |
| 6 | व्यपहरण / अपहरण | 360 | 419 | 427 | 67 | 8 | 18.61 | 1.91 |
| 7 | अन्य | 105 | 131 | 146 | 41 | 15 | 39.05 | 11.45 |
| **8** | **कुल योग** | **2424** | **2997** | **3498** | **1074** | **501** | **44.31** | **16.72** |

- महिला अत्याचार के तहत फरवरी 2012 में वर्ष 2011 के सापेक्ष जिलेवार दर्ज अपराधों की तुलनात्मक स्थिति तालिका **''ग''** पर दर्शायी गई है।

### निस्तारण स्थिति महिला अत्याचार
### (वर्ष 2012 माह फरवरी)

| क सं | शीर्षक | दर्ज अभियोग | एफआर अदम वकू | अदमवकू प्रतिशत | एफ आर अन्य | कुल एफआर | चालान | चालानी प्रतिशत | पेन्डिग अनुसंधान | पेन्डेन्सी प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दहेज मृत्यु | 59 | 5 | 26.32 | 0 | 5 | 14 | 100.00 | 40 | 67.80 |
| 2 | दहेज आत्म हत्या का दुष्प्रेरण | 19 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 6 | 0.00 | 13 | 68.42 |
| 3 | महिला उत्पीडन (498- A) | 2191 | 747 | 55.75 | 0 | 747 | 593 | 100.00 | 851 | 38.84 |
| 4 | बलात्कार | 314 | 62 | 52.99 | 0 | 62 | 55 | 100.00 | 197 | 62.74 |
| 5 | छेड़छाड़ | 342 | 79 | 29.04 | 0 | 79 | 193 | 100.00 | 70 | 20.47 |
| 6 | व्यपहरण / अपहरण | 427 | 140 | 81.87 | 1 | 141 | 30 | 96.77 | 256 | 59.95 |
| 7 | अन्य अभियोग | 146 | 23 | 36.51 | 0 | 23 | 40 | 100.00 | 83 | 56.85 |
| **8** | **कुल योग** | **3498** | **1056** | **53.12** | **1** | **1057** | **931** | **99.89** | **1510** | **43.17** |

## अनुसूचित जाति अत्याचार

आलोच्य माह, जनवरी 2012 एवं फरवरी 2011 में अनुसूचित जाति के लोगों पर अत्याचार सम्बन्धी पंजीबद्ध अभियोगों की तुलनात्मक स्थिति निम्न है:–

### अनुसूचित जाति अत्याचार– माहवार तुलनात्मक स्थिति
### (माह फरवरी 2011, जनवरी 2012 एवं फरवरी 2012)

| क. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | | | कमी/वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | फरवरी 2011 | जनवरी 2012 | फरवरी 2012 | फरवरी 2011 से फरवरी 2012 | जनवरी 2012 से फरवरी 2012 | फरवरी 2011 से फरवरी 2012 | जनवरी 2012 से फरवरी 2012 |
| 1 | हत्या | 1 | 3 | 6 | 5 | 3 | 500.00 | 100.00 |
| 2 | गम्भीर चोट | 9 | 5 | 4 | -5 | -1 | 400.00 | -20.00 |
| 3 | बलात्कार | 11 | 12 | 16 | 5 | 4 | 45.45 | 33.33 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 0 | 1 | 3 | 3 | 2 | 100.00 | 200.00 |
| 5 | पीसीआर एक्ट | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 349 | 443 | 361 | 12 | -82 | 3.44 | -18.51 |
| 7 | 3एससी/एसटी एक्ट | 7 | 6 | 14 | 7 | 8 | 100.00 | 133.33 |
| **8** | **कुल योग** | **377** | **470** | **404** | **27** | **-66** | **7.16** | **-14.04** |

### अनुसूचित जाति अत्याचार वर्षवार तुलनात्मक स्थिति
### वर्ष 2010, 2011 एवं 2012 (माह फरवरी)

| क. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग (माह फरवरी) | | | कमी/वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2010 | 2011 | 2012 | 2010 से 2012 | 2011 से 2012 | 2010 से 2012 | 2011 से 2012 |
| 1 | हत्या | 7 | 8 | 9 | 2 | 1 | 28.57 | 12.50 |
| 2 | गम्भीर चोट | 11 | 14 | 9 | -2 | -5 | -18.18 | -35.71 |
| 3 | बलात्कार | 24 | 31 | 28 | 4 | -3 | 16.67 | -9.68 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 2 | 2 | 4 | 2 | 2 | 100.00 | 100.00 |
| 5 | पीसीआर एक्ट | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 569 | 702 | 804 | 235 | 102 | 41.30 | 14.53 |
| 7 | 3 एससी/एसटी एक्ट | 8 | 18 | 20 | 12 | 2 | 150.00 | 11.11 |
| **8** | **कुल योग** | **621** | **775** | **874** | **253** | **99** | **40.74** | **12.77** |

अनुसूचित जाति अत्याचार के अन्तर्गत माह फरवरी 2012 में वर्ष 2011 के सापेक्ष जिलेवार दर्ज अपराधों की तुलनात्मक स्थिति तालिका **'ग'** पर दर्शायी गई है।

### निस्तारण वर्ष 2012 (माह फरवरी)

| क्रं सं | शीर्षक | दर्ज अभियोग | एफआर अदम वकू | अदमवकू प्रतिशत | एफआर अन्य | कुल एफआर | चालान | चालानी प्रतिशत | पेन्डिग अनुसंधान | पेन्डेन्सी प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हत्या | 9 | 1 | 0.00 | 0 | 1 | 0 | 0.00 | 8 | 88.89 |
| 2 | गम्भीर चोट | 9 | 1 | 0.00 | 0 | 1 | 2 | 0.00 | 6 | 66.67 |
| 3 | बलात्कार | 28 | 4 | 0.00 | 0 | 4 | 5 | 0.00 | 19 | 67.86 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 4 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 4 | 100.00 |
| 5 | पी.सी.आर. एक्ट | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 804 | 273 | 73.39 | 0 | 273 | 99 | 100.00 | 432 | 53.73 |
| 7 | 3एससी/एसटी एक्ट | 20 | 6 | 85.71 | 0 | 6 | 1 | 0.00 | 13 | 65.00 |
| **8** | **कुल योग** | **874** | **285** | **72.70** | **0** | **285** | **107** | **100.00** | **482** | **55.15** |

## अनुसूचित जनजाति अत्याचार

आलोच्य माह, जनवरी 2012 एवं माह फरवरी 2011 में अनुसूचित जनजाति पर अत्याचार सम्बन्धी पंजीबद्ध अभियोगों की तुलनात्मक स्थिति निम्न हैः—

### अनुसूचित जनजाति अत्याचार माहवार तुलनात्मक स्थिति (माह फरवरी 2011, जनवरी 2012 एवं फरवरी 2012)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | | | कमी/वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | फरवरी 2011 | जनवरी 2012 | फरवरी 2012 | फरवरी 2011 से फरवरी 2012 | जनवरी 2012 से फरवरी 2012 | फरवरी 2011 से फरवरी 2012 | जनवरी 2012 से फरवरी 2012 |
| 1 | हत्या | 1 | 2 | 0 | -1 | -2 | 100.00 | -100.00 |
| 2 | गम्भीर चोट | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0.00 | 100.00 |
| 3 | बलात्कार | 5 | 4 | 6 | 1 | 2 | 20.00 | 50.00 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 0 | 0 | 1 | 1 | 1 | 0.00 | 0.00 |
| 5 | पीसीआर एक्ट | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 102 | 129 | 80 | -22 | -49 | -21.57 | -37.98 |
| 7 | 3एससी/एसटी एक्ट | 3 | 3 | 0 | -3 | -3 | -100.00 | -100.00 |
| **8** | **कुल योग** | **111** | **138** | **88** | **-23** | **-50** | **-20.72** | **-36.23** |

### अनुसूचित जनजाति अत्याचार वर्षवार तुलनात्मक स्थिति वर्ष 2010, 2011 एवं 2012 (माह फरवरी)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग ( माह फरवरी) | | | कमी/वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2010 | 2011 | 2012 | 2010 से 2012 | 2011 से 2012 | 2010 से 2012 | 2011 से 2012 |
| 1 | हत्या | 4 | 1 | 2 | -2 | 1 | 200.00 | 200.00 |
| 2 | गम्भीर चोट | 4 | 1 | 1 | -3 | 0 | -75.00 | 0.00 |
| 3 | बलात्कार | 5 | 7 | 10 | 5 | 3 | 100.00 | 42.86 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 0 | 5 | 1 | 1 | -4 | 100.00 | -80.00 |
| 5 | पीसीआर एक्ट | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 124 | 202 | 209 | 85 | 7 | 68.55 | 3.47 |
| 7 | 3 एससी/एसटी एक्ट | 0 | 4 | 3 | 3 | -1 | 300.00 | -25.00 |
| **8** | **कुल योग** | **137** | **220** | **226** | **89** | **6** | **64.96** | **2.73** |

### अनुसूचित जनजाति अत्याचार निस्तारण स्थिति वर्ष 2012 (माह फरवरी)

| क्रसं | शीर्षक | दर्ज अभियोग | एफआर अदम वकू | अदमवकू प्रतिशत | एफआर अन्य | कुल एफआर | चालान | चालानी प्रतिशत | पेन्डिग अनुसंधान | पेन्डेन्सी प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हत्या | 2 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 1 | 0.00 | 1 | 50.00 |
| 2 | गम्भीर चोट | 1 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 1 | 0.00 |
| 3 | बलात्कार | 10 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 2 | 100.00 | 8 | 80.00 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 1 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 1 | 0.00 |
| 5 | पी.सी.आर. एक्ट | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 209 | 74 | 71.15 | 0 | 74 | 30 | 100.00 | 105 | 50.24 |
| 7 | 3एससी/एसटी एक्ट | 3 | 3 | 100.00 | 0 | 3 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 |
| **8** | **कुल योग** | **226** | **77** | **70.00** | **0** | **77** | **33** | **100.00** | **116** | **51.33** |

- अनुसूचित जनजाति अत्याचार के अंतर्गत माह फरवरी 2012 में वर्ष 2011 के सापेक्ष जिलेवार दर्ज अपराधों की तुलनात्मक स्थिति तालिका **'ग'** पर दर्शायी गई है।

## निरोधात्मक कार्यवाही

आलोच्य माह, जनवरी 2012 एवं फरवरी 2011 में तथा वर्ष में गत वर्ष की तुलना में निरोधात्मक प्रावधानों के तहत की गई कार्यवाही की तुलनात्मक स्थिति निम्न है।

### माहवार तथा वर्ष में अब तक की गई निरोधात्मक कार्यवाही की तुलनात्मक स्थिति

| क्रसं | शीर्षक | माहवार कार्यवाही | | | वर्ष में कार्यवाही | | व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | फरवरी 2011 | जनवरी 2012 | फरवरी 2012 | वर्ष 2011 | वर्ष 2012 | व्यक्तियों की संख्या | पाबन्द | रिहा / बरी | ड्रॉप | पेन्डिग कोर्ट |
| 1 | 107 / 151 द.प्र.सं. | 9321 | 8799 | 9020 | 17580 | 16643 | 45425 | 34900 | 0 | 0 | 10525 |
| 2 | 109 द.प्र.सं. | 2134 | 1561 | 1263 | 4196 | 2824 | 3461 | 2983 | 0 | 0 | 478 |
| 3 | 110 द.प्र.सं. | 3188 | 1211 | 1677 | 4496 | 2888 | 2888 | 2230 | 0 | 2 | 656 |
| 4 | 122 द.प्र.सं. | 54 | 25 | 49 | 106 | 74 | 141 | 85 | 0 | 0 | 56 |
| 5 | 133 द.प्र.सं. | 42 | 22 | 31 | 54 | 53 | 94 | 23 | 0 | 0 | 71 |
| 6 | 145 द.प्र.सं. | 40 | 26 | 36 | 78 | 62 | 329 | 123 | 0 | 0 | 206 |
| 7 | एच.ओ. एक्ट | 0 | 4 | 1 | 0 | 5 | 5 | 0 | 0 | 0 | 5 |
| 8 | 60 पुलिस एक्ट | 5728 | 4619 | 4364 | 11566 | 9083 | 9305 | 8423 | 0 | 0 | 882 |
| 9 | एन. एस. ए. | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |

## मानवाधिकार

वर्ष 2011 एवं 2012 में मानवाधिकार सम्बन्धी प्राप्त परिवादों की स्थिति निम्नानुसार हैः–

### परिवाद निस्तारण

| वर्ष | प्राप्त परिवाद | निस्तारण | पैण्डिंग |
|---|---|---|---|
| 2011 | 224 | 136 | 88 |
| 2012 (फरवरी) | 41 | 5 | 36 |

### सड़क दुर्घटना

| क.सं. | **वर्ष** | कुल सड़क दुर्घटनाऐं | मृतक | घायल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2011 | 23245 | 9232 | 28666 |
| 2 | 2012 ( फरवरी ) | 3963 | 1543 | 4554 |

माह फरवरी 2012 में कुल 1915 सड़क दुर्घटनाऐं घटित हुई जबकि गत माह में 2048 एवं फरवरी 2011 में 1881 सड़क दुर्घटनाऐं घटित हुई थी। गत माह की अपेक्षा कमी एवं फरवरी 2011 की अपेक्षा दुर्घटनाओं में वृद्धि रही है।

राज्य में वर्ष 2012 माह फरवरी तक कुल 3963 सड़क दुर्घटनाऐं घटित हुई जबकि गत वर्ष में इसी अवधि तक 3926 सड़क दुर्घटनाऐं घटित हुई थी, गत वर्ष की अपेक्षा 37 (0.94 % ) दुर्घटनाओं की वृद्धि रही है।

## घोषित अपराधी / मफरूर

माह में जिलेवार गिरफ्तार एवं शेष रहे वांछित अपराधियों की जिलेवार स्थिति प्रतिवेदन में तालिका **'ड'** पर है।

वर्ष 2012 में अब तक 304 भगौड़े 63 घोषित अपराधी तथा 3221 स्थायी वारंटी प्राप्त हुए। जिनमें से वर्ष 2012 में अब तक 351 भगौड़े, 120 घोषित अपराधी एवं 3493 स्थाई वारंटियों का निस्तारण किया गया।

## उपलब्धियाँ माह फरवरी– 2012

**डकैतीः–**

- दिनांक 02.02.2012 को जिला धौलपुर थाना मनियां पुलिस ने सूत्र सूचना पर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 3 पर पच पुलिया मनियां के पास डकैती की योजना बनाते हुए 4 अभियुक्तों के कब्जे से एक बन्दूक सिंगलशोट 315 बोर, दो कारतूस 315 बोर, एक खाली खोखा 315 बोर, दो चाकू, एक टार्च, एक लाठी, रस्सी व एक मोटरसाईकिल प्लसर बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 05.02.2012 को जिला भरतपुर थाना पहाड़ी पुलिस ने सूत्र सूचना पर कामां पहाड़ी रोड़ महमदपुर धर्मशाला में डकैती की योजना बनाते हुए 9 अभियुक्तों के कब्जे से एक कट्टा 315 बोर मय एक कारतूस, एक कट्टा 12 बोर मय एक कारतूस, एक छुर्रा, एक लोहे का सरिया, एक मोटरसाईकिल की चैन, दो लाठी व एक बिना नम्बरी बोलेरों बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 09.02.2012 को जिला जयपुर पूर्व थाना बजाजनगर पुलिस ने दिनांक 25.01.2012 की रात्रि को 6–7 व्यक्तियों द्वारा मकान का ताला तोड़कर व रहवासी व्यक्तियों के हाथ–पैर बांधकर चोरी कर घर का सामान ले जाने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान एक महिला सहित 6 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक देशी कट्टा मय कारतूस, एक चाकू व अलाय नकब बरामद कर डकैती का पर्दाफाश किया।
- दिनांक 11.02.2012 को जिला धौलपुर थाना मनियां पुलिस ने दौराने गश्त व चैकिंग राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 3 पर पच पुलिया के पास से डकैती की योजना बनाते हुए 4 अभियुक्तों के कब्जे से एक कट्टा 315 बोर मय एक कारतूस, एक मोटरसाईकिल की चैन, 2 टार्च, एक इण्डिका कार, बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 11.02.2012 को जिला चूरू थाना तारानगर पुलिस ने डकैती की योजना बनाते हुए 4 अभियुक्तों के कब्जे से एक देशी कट्टा, 2 कारतूस, एक लोहे का सरिया, एक हाथ का पंजा व एक बोलेरो बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 11.02.2012 को जिला भरतपुर थाना कामां पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने गश्त खूनी नहर कलावटा के पास डकैती/लूटपाट की योजना बनाते हुए 5 अभियुक्तों के कब्जे से 2 कट्टा 315 बोर मय दो कारतूस, एक ट्रक व 100 लीटर हथकड़ शराब बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 19.02.2012 को जिला भरतपुर थाना सेवर पुलिस ने सूत्र सूचना पर तेज होटल, डीपीएस स्कूल के पास से डकैती की योजना बनाते हुए 5 अभियुक्तों के कब्जे से एक पिस्टल मय 4 कारतूस, 3 कट्टे 315 बोर मय 17 कारतूस, 7 मोबाइल फोन व 29 सिम बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

**लूटः–**

- दिनांक 04.02.2012 को जिला झुन्झुनू थाना सूरजगढ़ पुलिस ने सूरजगढ़ स्थित कपड़े की दुकान से दो व्यक्तियों द्वारा 4200 रूपये के कपड़े खरीदकर पिस्तौल की नोक पर कपड़े ले जाने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान एक अभियुक्त के कब्जे से एक देशी कट्टा मय एक कारतूस तथा लूटे गये कपड़े बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 09.02.2012 को जिला उदयपुर थाना हिरणमगरी पुलिस ने दिनांक 06.02.2012 को नेहरू होस्टल के पास हुई 2.50 लाख रूपये की लूट की वारदात के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान 5 अभियुक्तों के कब्जे से लूटी गई राशि 2.50 लाख रूपये बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 09.02.2012 को जिला अलवर थाना सदर पुलिस ने दिनांक 04.02.2012 को दो विदेशी महिलाओं के साथ डरा–धमकाकर लूट किये जाने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटा गया माल मसरूका बरामद किया।
- दिनांक 17.02.2012 को जिला उदयपुर थाना खैरवाड़ा पुलिस ने दिनांक 16.02.2012 को जेवरात व्यवसाय से करीब 19 तौला सोने के जेवरातों को लूटने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान दो अभियुक्तों को नामजद कर उनके कब्जे से लूटा गया माल मसरूका बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

- दिनांक 17.02.2012 को जिला गंगानगर थाना पदमपुर पुलिस ने वर्ष 2009 व 2010 के बैक लूट के दर्ज अभियोगों में पूर्व में गिरफ्तार अभियुक्तों के सहअभियुक्त के कब्जे से 1,23,000/—रूपये बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 20.02.2012 को जिला भरतपुर थाना पहाड़ी पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक स्कार्पियों लाल बती लगी हुई जिसमें 4 व्यक्ति बैठे हुए की सूचना पर अति0 पुलिस अधीक्षक कामां मय पुलिस जाब्ते के फतेहपुर भेजा जाकर गांव की घेराबन्दी की गई। एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। इस घटना के दौरान ग्राम वासियों द्वारा पथराव किये जाने के कारण तीन अभियुक्त भागने में सफल हो गये। गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ पर बताया की यह गाड़ी हमने अजमेर जिले के भिनाय थाने के व्यापारियों से छीनी है तथा लूट के वारदातों के दौरान वाहन में लालबत्ती लगा देते है।

**हत्याः—**

- दिनांक 01.02.2012 को जिला दौसा थाना बसवा पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति द्वारा एक व्यक्ति की हत्या किये जाने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान एक अभियुक्त को नामजद कर गिरफ्तार किया।
- दिनांक 08.02.2012 को जिला उदयपुर थाना प्रतापनगर पुलिस ने दिनांक 31.01.2012 को किन्ही अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एक लड़के की हत्या किये जाने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान 3 अभियुक्तों को नामजद कर गिरफ्तार किया।
- दिनांक 09.02.2012 को जिला धौलपुर थाना सदर पुलिस ने एक तहरीरी रिपोर्ट इस आशय की पेश हुई की अज्ञात व्यक्तियों द्वारा परिवादी के चाचा की हत्या कर लाश को नेहरू युवा केन्द्र के पास पटक दिया आदि रिपोर्ट पर अभियोग दर्ज कर, दौराने अनुसंधान दिनांक 08.02.2012 की शाम को परिवादी का चाचा एक मारूती वेन में किराये से बाड़ी से धौलपुर आ रहा था। चालक शराब के नशे में था। किराये को लेकर कहासुनी होने पर चालक ने गाड़ी में बैठी सवारी को उसी के गले में पडी साफी से गला दबाकर मार दिया व गाड़ी लेकर भाग गया। अभियुक्तों को नामजद कर गिरफ्तार किया।
- दिनांक 11.02.2012 को जिला जयपुर पूर्व थाना जवाहरनगर पुलिस ने दिनांक 27.01.2012 को प्रतापनगर क्षेत्र में मिली लाश के दर्ज अभियोग मे दौराने अनुसंधान दो अभियुक्तों को नामजद कर गिरफ्तार किया।
- दिनांक 18.02.2012 को जिला अलवर थाना किशनगढबास पुलिस ने दिनांक 09 फरवरी 2012 को गुमशुदगी की रिपोर्ट की तलाश के दौरान 15.02.2012 को अज्ञात व्यक्ति की सडी लाश मिलने पर हत्या के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान एक व्यक्ति को नामजद कर गिरफ्तार किया।
- दिनांक 20.02.2012 को जिला अलवर थाना शाहजहॉपुर पुलिस ने दिनांक 15.02.2012 की रात्रि को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा हत्या किये जाने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान एक अभियुक्त को नामजद कर गिरफ्तार किया।
- दिनांक 23.02.2012 को जिला जालोर थाना आहोर पुलिस ने सरहद थुम्बा में एक सिरकटी लाश किसी अज्ञात मुलजिम द्वारा हत्या कर लाश को फैकने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान दो अभियुक्तों को नामजद कर गिरफ्तार किया।

**नकबजनीः—**

- दिनांक 07.02.2012 को जिला जालोर थाना सायला पुलिस ने चोरी के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान एक अभियुक्त के कब्जे से चोरी किया गया माल मसरूका सोने के जेवरात कीमतन 2 लाख रूपये बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 21.02.2012 को जिला जयपुर पश्चिम थाना सदर व वैशालीनगर पुलिस ने नकबजनी के दर्ज अभियोगों में दो अभियुक्तों के कब्जे से एन.बी.सी. फैक्ट्री से चोरी गई तीन पीतल के बॉल व एक लेपटाप कीमतन 20 हजार रूपये का बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 23.02.2012 को जिला बाड़मेर थाना गुढामालानी पुलिस ने दिनांक 01.02.2012 को रामीज का गोल स्थित मकान से रात्रि को सोने—चॉदी की दुकान से सोने—चॉदी के जेवरात करीब 10 लाख रूपये की चोरी के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान 2 अभियुक्तों को नामजद कर उनके कब्जे से चुराया गया 225 ग्राम सोना, 7 किलोग्राम चॉदी बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

- दिनांक 27.02.2012 को जिला अलवर थाना भिवाड़ी पुलिस ने दिनांक 22.02.2012 की रात्रि को दो दुकानों के शट्टर तोड़कर चोरी किये जाने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान तीन अभियुक्तों को नामजद कर गिरफ्तार किया। पूछताछ जारी है।
- दिनांक 29.02.2012 को जिला अलवर थाना भिवाड़ी पुलिस ने दिनांक 28.02.2012 को एमटैक इण्डिया प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी भिवाड़ी के स्टोर से 104 किलोग्राम ताम्बे की ईंटे व दो रबर स्केटिंग के बण्डल की चोरी के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान तीन अभियुक्तों को नामजद कर उनके कब्जे से चोरी गया मालमसरूका बरामद कर गिरफ्तार किया।

**जालीनोटः–**

- दिनांक 09.02.2012 को जिला अजमेर थाना ब्यावारसिटी पुलिस ने 6 अभियुक्तों के कब्जे से 2,63,500 रूपये के नकली नोट बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

**ईनामी अभियुक्तः–**

- दिनांक 09.02.2012 को जिला धौलपुर थाना बसईडांग पुलिस ने दौराने गश्त एडीएफ बरपुरा मुतावली तिराहा से दो ईनामी अभियुक्तों के कब्जे से एक देशी कट्टा 12 बोर व 2 कारतूस 12 बोर बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। उक्त बदमाशों की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक जिला मुरैना म0प्र0 से 5000–5000 / –रूपये का ईनाम घोषित था।
- दिनांक 10.02.2012 को जिला कोटा ग्रामीण थाना अयाना पुलिस ने दिनांक 04.03.2011 को बन्दूक से गोली मारकर हत्या किये जाने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। इस अभियुक्त पर जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा 4000 / –रूपये का ईनाम घोषित था।
- दिनांक 20.02.2012 को जिला प्रतापगढ थाना रठांजना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत स्थाईवारंटी जो पेरोल से फरार चल रहा था को गिरफ्तार किया। जिस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 1000 / –रूपये का ईनाम घोषित था।
- दिनांक 24.02.2012 को जिला धौलपुर थाना सरमथुरा पुलिस ने एक ईनामी बदमाश के कब्जे से एक राईफल 303 बोर, एक देशी रिवाल्वर व 11 कारतूस 303 बोर के बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया। उक्त बदमाश की गिरफ्तारी पर महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर रेंज भरतपुर से 4 हजार रूपये व पुलिस अधीक्षक जिला धौलपुर से 2000 / –रूपये का ईनाम घोषित था।

**चोरीः–**

- दिनांक 01.02.2012 को जिला प्रतापगढ थाना रठांजना पुलिस ने 6 विद्युत ट्रान्सफार्मर चोरी होने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान 3 अभियुक्तों को नामजद कर 5 विद्युत ट्रान्सफार्मर व ताम्बे तार बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 02.02.2012 को जिला जीआरपी जोधपुर थाना मेड़तारोड़ पुलिस ने चोरी के दर्ज अभियोग में 5 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गया मालमसरूका 8 हजार रूपये का बरामद किया।
- दिनांक 02 व 20.02.2012 को जिला दौसा थाना मण्डावर पुलिस ने 2 विद्युत ट्रान्सफार्मर चोरी होने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान 5 अभियुक्तों को नामजद कर 2 विद्युत ट्रान्सफार्मर व तेल बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 07, 20 व 23.02.2012 को जिला जीआरपी अजमेर थाना जयपुर व कोटा पुलिस ने चोरी के दर्ज अभियोगों में दौराने अनुसंधान 6 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गया माल मसरूका 15,17,500 / –रूपये बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 06 व 25.02.2012 को जिला प्रतापगढ़ थाना धरियावद पुलिस ने नकबजनी के दो अभियोगों में दौराने अनुसंधान एक बाल अपचारी सहित 4 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गया माल मसरूका व मोबाईल बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 10 व 29.02.2012 को जिला जयपुर पश्चिम थाना सिन्धी कैम्प व बनीपार्क पुलिस ने चोरी के दर्ज अभियोगों में तीन अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गया मालमसरूका दो सोने की चुड़िया, मंगलसूत्र व टॉप्स पर्स, एटीएम व 800 रूपये बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

- दिनांक 27.02.2012 को जिला अजमेर थाना मदनगंज पुलिस ने दिनांक 11.02.2012 को स्टेट बैक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर शाखा मकराना चौराहा की एटीएम मशीन से करीब 26,18,400/– रूपये लूटे जाने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान एक महिला सहित दो अभियुक्तों को नामजद कर गिरफ्तार किया। शेष अभियुक्तों की तलाश जारी है।

**वाहन चोरी :–**

- दिनांक 01.02.2012 को जिला झुन्झुनू थाना बुहाना पुलिस ने ट्रक चोरी के दर्ज अभियोग में त्वरित कार्यवाही करते हुए एक अभियुक्त के कब्जे से चोरी गया ट्रक बरामद किया।
- दिनांक 01, 06, 11, 13 व 18.02.2012 को जिला भरतपुर थाना मथुरागेट, डीग, जुरहरा, पहाड़ी व बयाना पुलिस ने सूत्र सूचना पर 9 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गये एक टेक्ट्रर, 8 मोटरसाईकिलें व एक स्कुटर बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 01, 02, 03, 09, 23, 24.02.2012 जिला जयपुर ग्रामीण थाना कोटपूतली व शाहपुरा पुलिस ने 14 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गये एक ट्रक, तीन कार एवं 16 मोटरसाईकिलें बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 03 व 19.02.2012 को जिला झालावाड़ थाना झावर व दांगीपुरा पुलिस ने वाहन चोरी के दर्ज अभियोगों में दौराने अनुसंधान 5 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गये वाहन एक जीप, एक ट्रेक्टर व तीन मोटरसाईकिले बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 05.02.2012 को जिला गंगानगर थाना कोतवाली पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति द्वारा घर के आगे से मोटरसाईकिल चोरी के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान एक अभियुक्त के कब्जे से चोरी गई 3 मोटरसाईकिलें बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 05.02.2012 को जिला सवाई माधोपुर थाना बहरावण्डा कलां पुलिस ने दो अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गई एक मोटरसाईकिल बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 06, 07 व 15.02.2012 को जिला अजमेर थाना रामगंज, किश्यनगंज व पुष्कर पुलिस ने सूत्र सूचना पर 6 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गई दो मोटरसाईकिलें व एक टेक्ट्रर बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 11.02.2012 को जिला जयपुर पूर्व थाना बजाजनगर पुलिस ने तीन अभियुक्तों के कब्जे से चुराई गई एक टवेरा बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 12, 13, 18, 22 व 23.02.2012 को जिला दौसा थाना लालसोट, सिकन्दरा, बसवा, कोतवाली, महुवा व मण्डावर पुलिस ने 9 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गये एक ट्रक, एक टवेरा कार, एक बोलेरो कार, एक ट्रेक्टर मय ट्रोली व 5 मोटरसाईकिलें बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 15.02.2012 को जिला झुन्झुनू थाना कोतवाली पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक अभियुक्त के कब्जे से चोरी गई एक टवेरा, दो डीआई जीप व दो मोटरसाईकिल बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 16 व 24.02.2012 को जिला जयपुर पश्चिम थाना सिन्धी कैम्प व झोटवाड़ा पुलिस ने दो अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गई एक मारूती कार व एक मोटरसाईकिल बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

**अवैध शराबः–**

- दिनांक 02.02.2012 को जिला सीकर थाना रानौली पुलिस ने दौराने नाकाबन्दी एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 57 कार्टून अंग्रेजी शराब बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 04, 19 व 20.02.2012 को जिला चित्तौड़गढ थाना कपासन, पारसोली व भादसोड़ा पुलिस ने सूत्र सूचना पर 4 वाहनों में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 3150 कार्टून अंग्रेजी शराब बरामद कर 9 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 05.02.2012 को जिला जयपुर ग्रामीण थाना कोटपूतली पुलिस ने एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 1920 पव्वे अंग्रेजी शराब बरामद कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

- दिनांक 06 व 28.02.2012 को जिला उदयपुर थाना खैरवाड़ा व प्रतापनगर पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी दो वाहनों में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 2005 कार्टूनों में अंग्रेजी शराब बरामद कर 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 08 व 28.02.2012 को जिला डूँगरपुर थाना आसपुर व सागवाड़ा पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी दो वाहनों में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 608 पेटी अंग्रेजी शराब व 95 पेटी देशी शराब बरामद कर 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 08, 14, 17 व 20.02.2012 को जिला चूरू थाना दूधवाखारा, छापर, तारानगर, राजगढ व रतनगढ पुलिस ने सूत्र सूचना पर 3 वाहनों में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 80 कार्टून अंग्रेजी शराब, 26 कार्टून व 1832 पव्वे देशी शराब व 96 बोतल बीयर बरामद कर 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 14 व 25.02.2012 को जिला जैसलमेर थाना पोकरण पुलिस ने सूत्र सूचना पर दो वाहनों में अवैध रूप से परिवहन की जा रही पंजाब निर्मित विभिन्न किस्म की 1860 बोतल, 20880 पव्वे अंग्रेजी शराब एवं 3600 केन बीयर कीमतन 36 लाख रूपये की अंग्रेजी शराब बरामद कर 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 26.02.2012 को जिला जयपुर पूर्व थाना बस्सी पुलिस ने एक अभियुक्त के कब्जे से अवैध 45 पव्वे देशी शराब, 3 बोतल, 15 अद्धे व 24 पव्वे अंग्रेजी शराब बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 26.02.2012 को जिला जयपुर पश्चिम थाना बनीपार्क व करधनी पुलिस ने दो अभियुक्तों के कब्जे से अवैध 17 बोतल अंग्रेजी शराब व 36 पव्वे देशी शराब बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 27.02.2012 को जिला जालोर थाना सांचोर पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 13776 पव्वे, 3240 अद्धे व 4620 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

राज्य में माह फरवरी 2012 में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत 1037 प्रकरण दर्ज कर 1044 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 95374 बोतल अंग्रेजी शराब 8704 बोतल देशी शराब 4971 बोतल कच्ची शराब एवं 13847 बोतल बीयर बरामद की गई।

राज्य में वर्ष 2012 माह फरवरी तक आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत 2228 प्रकरण दर्ज कर, 2248 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 228449 बोतल अंग्रेजी शराब, 17974 बोतल देशी शराब, 11027 बोतल कच्ची शराब एवं 49925 बोतल बीयर बरामद की गई।

**मादक पदार्थः–**

- दिनांक 01.02.2012 को जिला दौसा थाना कोतवाली व सदर पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी दो अभियुक्तों के कब्जे से अवैध रूप से परिवहन करते हुए 2.300 किलोग्राम गांजा बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 01, 09 व 21.02.2012 को जिला चित्तौड़गढ थाना भादसोडा, निम्बाहेड़ा पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने गश्त व नाकाबन्दी दो वाहनों में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 1.800 किलोग्राम अफीम एवं 21 क्विंटल 77 किलोग्राम डोडा चूरा बरामद कर 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 01,09 व 19.02.2012 को जिला कोटा ग्रामीण थाना कैथून, बपावरकला व सुल्लतानपुर पुलिस ने अवैध रूप से परिवहन करते हुए 4 अभियुक्तों के कब्जे से 107 ग्राम स्मैक व 900 ग्राम गांजा बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 02.02.2012 को जिला जयपुर पश्चिम थाना हरमाड़ा पुलिस ने एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 28 क्विंटल डोडा पोस्त बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 04.02.2012 को जिला धौलपुर थाना निहालगंज पुलिस ने दौराने गश्त व चैकिंग एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 1.200 किलोग्राम गांजा बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

- दिनांक 05,19 व 21.02.2012 को जिला बारां थाना अटरू व कोतवाली पुलिस ने दौराने गश्त व नाकाबन्दी अवैध रूप से परिवहन की जा रही 111.5 ग्राम स्मैक व एक मोटरसाईकिल बरामद कर 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 03 व 06.02.2012 को जिला जयपुर ग्रामीण थाना प्रागपुरा व शाहपुरा पुलिस ने दो वाहनों में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 4.400 किलोग्राम गांजा एवं 780 किलोग्राम डोडा पोस्त चूरा बरामद कर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 06, 17 व 21.02.2012 को जिला चूरू थाना रतनगढ व भानीपुरा पुलिस ने दौराने गश्त तीन वाहनों अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 10 क्विंटल डोडा पोस्त बरामद कर 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 23.02.2012 को जिला अजमेर थाना नसीराबाद पुलिस ने एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 7.600 किलोग्राम अफीम बरामद कर 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 24.02.2012 को जिला भरतपुर थाना रूपवास पुलिस ने सूत्र सूचना पर बस स्टेण्ड पर खड़ी एक मोटरसाईकिल में लगे थैले से 780 ग्राम चरस बरामद की। अभियुक्त की तलाश जारी है।
- दिनांक 24.02.2012 को जिला झालावाड़ थाना बकानी पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने गश्त व नाकाबन्दी एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 5 किलोग्राम अफीम बरामद कर 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।
- दिनांक 24 व 26.02.2012 को जिला गंगानगर थाना हिन्दुमलकोट व जवाहरनगर पुलिस ने अराष्ट्रीय सीमा के पास से 6 किलोग्राम हेरोईन व दो मोटरसाईकिलें तथा दो अभियुक्तों के कब्जे से 8 ग्राम स्मैक बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

राज्य में माह फरवरी 2012 में एन.डी.पी.एस. एक्ट के 99 प्रकरण दर्ज कर, 108 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर, 0.319 कि.ग्राम स्मैक, 6.000 कि. ग्राम हेरोईन, 0.780 किग्रा. चरस, 20.142 कि.ग्रा. अफीम, 18.581 कि0ग्रा0 गांजा व 7065.650 कि0ग्रा0 डोडा पोस्त एवं अन्य सामग्री जब्त की गई।

राज्य में वर्ष 2012 माह फरवरी तक एन.डी.पी.एस. एक्ट के 188 प्रकरण दर्ज कर 217 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर, 0.797 कि.ग्रा0 स्मैक, 6.000 कि.ग्राम हेरोईन, 0.825 कि.ग्रा0 चरस, 36.815 कि0ग्रा0 अफीम, 43.231 कि0ग्रा0 गांजा व 24304.577 कि0ग्रा0 डोडा पोस्त एवं अन्य सामग्री जब्त की गई।

**अवैध हथियार :–**

- दिनांक 05.02.2012 को जिला जयपुर ग्रामीण थाना गोवन्दिगढ़ पुलिस ने एक अभियुक्त के कब्जे से अवैध एक टोपीदार बन्दूक बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 12, 13 व 14.02.2012 को जिला झालावाड़ थाना कोतवाली पुलिस ने अवैध हथियारों की धरपकड़ के संघन अभियान के दौरान 7 अभियुक्तों के कब्जे से एक कट्टा 315 बोर, दो रिवाल्वर, 6 पिस्टल, 9 कारतूस व एक खाली कारतूस बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 13.02.2012 को जिला भरतपुर थाना सीकरी पुलिस ने तीन अभियुक्तों के कब्जे से अवैध एक 315 बोर कट्टा मय 2 कारतूस तथा एक लूटा गया ट्रक बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 13.02.2012 को जिला चित्तौड़गढ थाना रावतभाटा पुलिस ने सूत्र सूचना पर दो वाहनों में अवैध रूप से परिवहन किये जा रहे एक 12 बोर बन्दूक मय 4 कारतूस बरामद कर 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। वाहन की तलाशी में एक चादर के अन्दर दो मृत चिंकारा बरामद किये।
- दिनांक 14..02.2012 को जिला सवाई माधोपुर थाना वजीरपुर पुलिस ने दो अभियुक्तों के कब्जे से तीन अवैध देशी कट्टे मय दो कारतूस बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 18 व 20.02.2012 को जिला  झालावाड़ थाना खानपुर पुलिस ने अवैध हथियारों की धरपकड़ के संघन अभियान के दौरान 6 अभियुक्तों के कब्जे से चार देशी कट्टे व दो रिवाल्वर बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

- दिनांक 21 व 26.02.2012 को जिला गंगानगर थाना लालगढ व जवाहरनगर पुलिस ने दौराने गश्त तीन अभियुक्तों के कब्जे से अवैध एक देशी कट्टा, 12 बोर पिस्टल मय 5 कारतूस बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 25 व 27.02.2012 को जिला सीकर थाना खाटूश्यामजी व नैछवा पुलिस ने तीन अभियुक्तों के कब्जे से अवैध एक देशी पिस्टल मय 3 कारतूस तथा देशी कट्टा मय 3 कारतूस बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

राज्य में माह फरवरी 2012 में आर्म्स एक्ट के तहत 460 करण दर्ज कर 468 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 21 बन्दूकें, 74 रिवाल्वर/कट्टे, 98 कारतूस व धारदार हथियार बरामद किये गये।

राज्य में वर्ष 2012 में माह फरवरी तक आर्म्स एक्ट के तहत 863 प्रकरण दर्ज कर 868 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 48 बन्दूकें, 135 रिवाल्वर/कट्टे, 198 कारतूस व धारदार हथियार बरामद किये गये।

**<u>अवैध विस्फोटक :–</u>**

- दिनांक 16.02.2012 को जिला चित्तौड़गढ थाना रावतभाटा पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन करते हुए 23 ईडी, 8 ओडी, 200 जिलेटिन की छड़े, डेटोनेटर फ्यूज वायर के दो बंडल व 30 नग कन्ट्रोल रील बरामद कर 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

राज्य में माह फरवरी 2012 में एक्सप्लोजिव एक्ट के अन्तर्गत 39 प्रकरण दर्ज कर 41 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 2529 जिलेटिन, 2427 डेटोनेटर तथा काफी मात्रा में अन्य संबंधित सामग्री एवं उपकरण बरामद किये।

राज्य में वर्ष 2012 में माह फरवरी तक एक्सप्लोजिव एक्ट के अन्तर्गत 109 प्रकरण दर्ज कर 114 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 6322 जिलेटिन, 3674 डेटोनेटर तथा काफी मात्रा में अन्य संबंधित सामग्री एवं उपकरण बरामद किये।

**<u>जुआ/सट्टाः–</u>**

- दिनांक 01.02.2012 को जिला पाली थाना कोतवाली पुलिस ने सार्वजिनक स्थान जुआ खेलते हुए अभियुक्तों के कब्जे से 44,150/–रूपये की जुआ राशि बरामद की।
- दिनांक 02, 11, 12, 13 व 25.02.2012 को जिला चूरू थाना रतनगढ़, कोतवाली, राजलदेसर व सिद्धमुख पुलिस ने सूत्र सूचना पर सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 26 अभियुक्तों के कब्जे से 36547/–रूपये जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 02, 17 व 22.02.2012 को जिला जयपुर पूर्व थाना जवाहर सर्किल, मालवीयनगर व बजाजनगर पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 10 अभियुक्तों के कब्जे से 4060/–रूपये जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 03, 08, 12 व 14.02.2012 को जिला गंगानगर थाना रावला, अनूपगढ, कोतवाली व सूरतगढ़ पुलिस ने दौराने गश्त सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 19 अभियुक्तों को कब्जे से 78,225/–रूपये की जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 08, 09, 17 व 24.02.2012 को जिला डूॅगरपुर थाना कोतवाली पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 10 अभियुक्तों के कब्जे से 4390/–रूपये की जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 12.02.2012 को जिला जयपुर पश्चिम थाना वैशाली नगर तथा करधनी, चौमू, झोटवाड़ा, विश्वकर्मा एवं सिन्धी कैम्प पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 45 अभियुक्तों के कब्जे से 38790/–रूपये की जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

- दिनांक 13 व 21.02.2012 को जिला हनुमानगढ थाना हनुमानगढ जक्शन व गोगामेड़ी पुलिस ने सूत्र सूचना पर सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 19 अभियुक्तों के कब्जे से 63000/—रूपये की जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों गिरफ्तार किया।
- दिनांक 15.02.2012 को जिला भरतपुर थाना बयाना पुलिस ने सूत्र सूचना पर सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 6 अभियुक्तों के कब्जे से 1.46 लाख रूपये की जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 24.02.2012 को जिला झुन्झुनू थाना कोतवाली पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर आस्ट्रेलिया व श्रीलंका मैच पर सट्टा लगाते हुए एक अभियुक्त के कब्जे से दो मोबाइल फोन, हिसाब की डॉयरियां व पर्चियां तथा 63500/—रूपये नकद, विदेशी मुद्रा सउदीअरब के 8 नोट, सिंगापुर का 1 नोट, ओमान के 4 नोट, अमरीका का 1 नोट तथा पाकिस्तान का 1 नोट बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 25, 27, 28 व 29.02.2012 को जिला जीआरपी जोधपुर थाना गंगानगर, हनुमानगढ़, रतनगढ, जोधपुर पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 13 अभियुक्तों के कब्जे से 1045/—रूपये की जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 28.02.2012 को जिला बाड़मेर थाना बालोतरा पुलिस ने सूत्र सूचना पर भारत व श्रीलंका क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाते हुए 7 अभियुक्तों के कब्जे से दो टीवी, दो डीस टीवी, एक एलसीडी, 12 मोबाइल फोन एवं 3,94,745/—रूपये की सट्टा प्रर्चियां बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- माह फरवरी 2012 में जिला चित्तौड़गढ थाना चित्तौड़गढ पुलिस ने सूत्र सूचना पर सार्वजनिक स्थान पर जुआ/सट्टा खेलते हुए 9 अभियुक्तों के कब्जे से 1,11000/—रूपये की जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

राज्य में माह फरवरी 2012 में जुआ एक्ट के अन्तर्गत 1570 प्रकरण दर्ज कर, 2859 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 21 लाख 89 हजार 191 रूपये की जुआ राशि बरामद की गई।

राज्य में वर्ष 2012 में माह फरवरी तक जुआ एक्ट के अन्तर्गत 3221 प्रकरण दर्ज कर 6182 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर, 47 लाख 94 हजार 935 रूपये की जुआ राशि बरामद की गई।

**विविधः—**

- दिनांक 03, 05 व 27.02.2012 को जिला जयपुर ग्रामीण थाना प्रागपुरा पुलिस ने तीन वाहनों में अवैध रूप से 100 क्विंटल गीली खेजडे की लकड़ी परिवहन करते हुए को बरामद कर 8 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 04.02.2012 को जिला हनुमानगढ़ थाना गोलूवाला पुलिस ने दौराने गश्त एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 433 लीटर नीला केरोसीन बरादम कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 12.02.2012 को जिला धौलपुर थाना कोलारी व बाड़ी पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी दो वाहनों में अवैध रूप से परिवहन करते हुए 51 गाये व बछड़ों को बरामद कर 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 23.02.2012 को जिला जयपुर पूर्व थाना माालवीय नगर पुलिस ने सूत्र सूचना पर दो वाहनों में अवैध रूप से परिवहन करते हुए 39 बछड़े/ बैल बरामद कर 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया
- दिनांक 27.02.2012 को जिला सिरोही थाना रेवदर पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन करते हुए 10 बैल जीवित व 4 मृत बैल को बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया

## उपसंहार

आलोच्य माह के मासिक अपराध प्रतिवेदन की समीक्षा से स्पष्ट है कि माह में प्रदेश के आपराधिक परिदृश्य में कोई अप्रत्याशित परिवर्तन परिलक्षित नहीं होता है एवं राज्य की अपराध स्थिति सामान्य एवं नियंत्रण में रही है।